पृष्ठ एक का शेष

विधानसभा...

चुनावी जीत-हार पर निर्भर नहीं करता। सपा सभी सीटें जीत भी जाए, तब भी ईवीएम के खिलाफ रहेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता के मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी है।अखिलेश ने दालमंडी के उजाड़े गए व्यापारियों और मणिकर्णिका घाट की विरासत का मुद्दा उठाते हुए इसे विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा बताया। दावा किया कि भाजपा 2027 में अपने 200 विधायकों के टिकट काटने जा रही है। उन्होंने योगी सरकार पर प्रशासन के जरिए सपा प्रत्याशी को हराने की कोशिश का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि मां गंगा ने जिसे बुलाया था, उन्होंने ही मां गंगा को भुला दिया। बोले, भाजपा जाएगी तो बनारस मुस्कुराएगा।

सफल परीक्षण.

में तबाह करना। पहले एक लॉन्चर (एक टारगेट, अब एक लॉन्चर) दो टारगेट। तकनीकी रूप से साल्वो टेस्ट सबसे मुश्किल माना जाता है। दो मिसाइलों की एग्जॉस्ट प्लम एक-दूसरे को डिस्टर्ब करती है। ष्ठ्रक्रष्ठह्र ने इसे कर दिखाया, इसका मतलब सिस्टम अब यूजर-रेडी है, सिर्फ लैब-रेडी नहीं। लागत और असर के रूप से एक प्रलय मिसाइल की कीमत ब्रह्मोस से 60त्न कम, लेकिन रनवे तबाह करने की क्षमता लगभग बराबर। इसलिए सेना इसे बड़ी संख्या में बॉर्डर पर तैनात कर सकती है-क्वांटिटी और क्वालिटी दोनों। सेना ने इसे खास तौर पर पश्चिमी और उत्तरी बॉर्डर के लिए मांगा था। डीएसी ने 120 मिसाइलों की खरीद को हरी झंडी दे दी है। आने वाले दिनों में इसे नई रॉकेट फोर्स में शामिल किया जाएगा, जिसका काम दुश्मन के एयरबेस, फ्यूल डिपो और कमांड सेंटर को पहले 30 मिनट में तबाह करना होगा।

प्रदर्शन स्थलपर...

कि जुलाई में कॉकरोच जनता पार्टी% (सीजेपी) को एक दिन के प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी, लेकिन संगठन 17 दिनों तक वहां डटा रहा। इसके बाद बिना अनुमति संसद की ओर मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि संसद देश की संप्रभुता का प्रतीक है और बिना अनुमति संसद या सुप्रीम कोर्ट तक मार्च कर प्रदर्शन करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

नदियोंकी गाद...

उपयोग का अवसर मिलता है। उन्होंने गंगा के दोनों किनारों पर फोरलेन सड़क बनाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री के अनुसार, गाद निकासी से लगभग एक लाख एकड़ नई भूमि उपलब्ध होने की संभावना है। इसका उपयोग गंगा किनारे आवासीय कॉलोनियां विकसित करने में किया जा सकता है। राज्य में 80 हजार एकड़ भूमि पर 12 नए टाउनशिप, 10 हवाई अड्डे और 32 मेडिकल कॉलेज विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं में भी गाद का उपयोग किया जाएगा। बिहार में एनएचएआई की 58,340 करोड़ रुपये की लागत वाली 39 परियोजनाएं (1,561 किलोमीटर) निर्माणाधीन हैं, जबकि 1,85,200 करोड़ रुपये की लागत से 11 नई परियोजनाएं (1,982 किलोमीटर) प्रस्तावित हैं। इसके अलावा विभिन्न नदियों पर 29 नए पुल बनाए जा रहे हैं। समझौते के तहत एनएचएआई को जरूरत के अनुसार गाद उपलब्ध कराने के लिए बिहार सरकार नियमानुसार खनन लाइसेंस में सहयोग करेगी। इस अवसर पर बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर और एनएचएआई अध्यक्ष संतोष कुमार यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

दवाओं...

मंजूरी दी जाएगी। इस विस्तार से आयातकों को अपने विनिर्माण और वितरण केंद्रों के नजदीक ही सामान प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। इससे न केवल देश के भीतर परिवहन की दूरी और समय घटेगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स का खर्च भी कम होगा। मंत्रालय ने इस ड्राफ्ट अधिसूचना पर आम जनता और हितधारकों से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं।

नेपाल...

पुलिस निरीक्षक मौसम तामांग ने बताया कि दुर्घटना के बाद हेलीकॉप्टरों में आग नहीं लगी। घायल यात्री को लुकला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस की टीम घटनास्थल से जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच कर रही है।

दीपावलीपर....

की। तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक होकर बोले थे कि मां-बेटियां लकड़ी से खाना बनाने से कई प्रकार की बीमारियों से परेशान हैं, लेकिन निःशुल्क सिलेंडर कनेक्शन मिलने से उन्हें स्वस्थ रहने व जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने इस योजना में निशुल्क गैस कनेक्शन दिए हैं । एक सिलेंडर की रिफलिंग के लिए 938 रुपये 45 पैसे देने होते हैं और इसमें केंद्र सरकार 333 रुपये सब्सिडी देती है। इस प्रकार उपभोक्ता को 648 रुपये 55 पैसे अपनी जेब से देने पड़ते हैं, लेकिन उप्र सरकार द्वारा दीपावली पर्व पर प्रत्येक उपभोक्ता के लिए गैस सिलेंडर के लिए 648 रुपये 55 पैसे गैस कंपनियों को दिया जा चुका है। अब उपभोक्ता गैस एजेंसी से गैस लें और खुशी- खुशी त्योहार मनाएं और बचे हुए 650 रुपये से मिठाई व दिया खरीदें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे। उन्हें न तो समय से खाद मिलती थी और न बिजली। उपज का भी सही दाम नहीं मिलता था और वे कर्ज में डूबे रहते थे। आत्महत्या करने के लिए मजबूर थे लेकिन जबसे डबल इंजन की सरकार बनी है तब से किसान सम्मान निधि से लेकर कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उप्र में हाल ही में ओलावृष्टि, तूफान, बारिश व अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त फसलों का किसानों को मुआवजा तो मिलेगा ही, राज्य सरकार उन्हें विशेष पैकेज देगी, जिससे लगभग 4 करोड परिवार लाभान्वित होंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस के शासनकाल में रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार के कारण लोग परेशान थे। उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलती थीं, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सभी वर्गों के कल्याण की योजनाएं शुरु की गयीं। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी बंद हुई तो आज भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में विश्व बैंक की हाल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। यह डबल इंजन सरकार की उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 से पहले के उप्र की बिगड़ी कानून व्यवस्था की चर्चा करते हुए कहा कि तब कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं थी। लोगों को अपनी संपत्ति बचाने की चिंता रहती थी। बहू -बेटियां सूर्यास्त के बाद बाहर नहीं निकलती थी। उपद्रव और दंगा प्रदेश की पहचान थी, लेकिन वर्ष 2017 के बाद जब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आयी तो यहां अब बहू- बेटी को छेड़ने वालों को पता है कि उसका रास्ता सीधे जहन्नुम जाता है। अब महिलाएं नाइट ड्यूटी कर रही हैं। उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं और आगे भी उनके हर काम को सरकार हर स्तर पर मदद करने के लिए तैयार है। प्रदेश की आधी आबादी को आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना है तभी उप्र विकसित प्रदेश बनेगा और भारत विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुफ्त राशन दिया जा रहा है। कोटेदारों का कमीशन बढ़ाया गया गया है। आंगनवाड़ी , रसोइया, होमगार्ड और चौकीदार समेत विभिन्न कार्यरत लोगों का मानदेय बढ़ाया गया है। गांवों में अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में अटल आवासीय विद्यालय खोले गये हैं। अन्नपूर्णा भोजनालय स्थापित किये जा रहे हैं ताकि श्रमिकों को उनकी पसंद का भोजन मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, खाद्य मंत्री मनोज पांडेय ने भी सरकार की उपलब्धियां गिनायी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल, विधायक योगेश शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव, जय देवी, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

दिल्ली मुख्यालय...

का आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक, निलंबन की अवधि के दौरान वशिष्ठ का मुख्यालय दिल्ली रहेगा और उन्हें सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। यह मामला शाहदरा थाने में पुलिस और वकीलों के बीच विवाद से जुड़ा है। वकीलों के अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान करने के बाद, गांधीनगर उपमंडल के एसीपी वशिष्ठ और शाहदरा थाने के प्रभारी (एसएचओ) अरूण कुमार का तबादला कर दिया गया था। इसके बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली थी। दिल्ली की सभी जिला अदालतों के बार एसोसिएशन की समन्वय समिति के अनुसार, यह टकराव एक घटना के बाद शुरू हुआ था जिसमें वकील ललित बंसल को कथित हमले में सिर पर गंभीर चोट लगी थी, जिसके लिए शाहदरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में नामज़द लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर कई वकील 23 अक्टूबर की शाम थाने गए। समिति ने दावा किया कि एसीपी और एसएचओ ने उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा जो उस वक्त थाने में ही मौजूद था। इसने कहा कि हालांकि, अगले दिन अधिवक्ताओं को पता चला कि आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और उसे कथित तौर पर रिहा कर दिया गया है ।

जिससे बार के सदस्यों के बीच गंभीर चिंता पैदा हो गई। समिति ने दावा किया कि जब वकील मामले से निपटने के संबंध में अपनी चिंता व्यक्त करने और जवाबदेही के लिए फिर से शाहदरा थाने गए, तो वकीलों और दो अधिकारियों के बीच हाथापाई हुई। वहीं, एसीपी और थानेदार के स्थानांतरण के विरोध में दिल्ली पुलिस के 150 कर्मी सोमवार को पुलिस मुख्यालय के बाहर जमा हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इनमें महिला कर्मी भी शामिल थीं। हाथों में तख्तियां और पोस्टर लिए प्रदर्शन कर रहे पुलिसकर्मियों ने 'वर्दी का अपमान नहीं सहेंगे' जैसे नारे लगाए। उन्होंने एसीपी वशिष्ठ और कुमार की पुरानी तैनाती बहाल करने की मांग की। पुलिस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार से मुलाकात की और पांच मांगें सौंपी, जिनमें शाहदरा थाने में हुई घटना में शामिल वकीलों के खिलाफ कार्रवाई और गुंडागर्दी करने वाले वकीलों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना शामिल है। पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने बार काउंसिल ऑफ दिल्ली और जिला अदालत बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ 30 अक्टूबर को एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसके बाद एक संयुक्त समन्वय और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस प्रदर्शन ने 2019 में हुए इसी तरह के एक विरोध प्रदर्शन की यादें ताजा कर दीं। उस समय वकीलों द्वारा पुलिसकर्मियों पर हमले किये जाने के बाद 2,000 से अधिक पुलिसकर्मी और उनके परिजन पुलिस मुख्यालय के बाहर जुटे थे। तब तीस हजारी अदालत में पार्किंग विवाद से जुड़ी घटना भी शामिल थी।

आजम खां के बाद अब परिजन पर कसेगा ईडी का शिकंजा

आगरा (एजेंसी)। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सपा नेता आजम खां की गिरफ्तारी के बाद अब ईडी जौहर ट्रस्ट से जुड़े अन्य सदस्यों की कुंडली खंगालने में लगी है। ट्रस्ट में सपा नेता आजम खां की पत्नी, दोनों बेटे और बहन भी शामिल हैं। ऐसे में ईडी की कार्रवाई आगे बढ़ने पर आजम परिवार की मुसीबत और बढ़ सकती है। ईडी की ओर से 13 अक्तूबर को अजीम नगर थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में जौहर ट्रस्ट को शामिल किया गया है जिसके माध्यम से यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया गया है। निजी विश्वविद्यालय में सरकारी धन का उपयोग हो या फर्जी फर्मों से चंदा लेने की बात, सब कुछ इसी ट्रस्ट के जरिये किया गया है। ऐसे में ट्रस्ट में शामिल सभी सदस्यों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। आजम खां ने 1990 में मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट गठित किया था। वह खुद ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष बने थे जबकि पत्नी तजीन फातिमा सचिव, बहन



निकहत अफलाक कोषाध्यक्ष और दोनों बेटे अदीब व अब्दुल्ला को सदस्य बनाया था। इनके अलावा मुश्ताक अहमद सिद्दीकी उपाध्यक्ष, चमरौवा के सपा विधायक नसीर अहमद खां संयुक्त सचिव और सलीम कासिम को सदस्य के रूप में रखा गया। ट्रस्ट के कुल नौ लोगों में पांच आजम खां के घर के ही सदस्य हैं। ईडी का आरोप है कि शेष चार लोग डमी के रूप में ही ट्रस्ट में शामिल किए गए थे। आजम खां और अब्दुल्ला कई मामलों में अभियुक्त बनाए गए हैं।

फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर हैं। आजम के परिवार में सिर्फ उनके बड़े बेटे अदीब और बहन निकहत अफलाक ही बचे हैं जो अब तक किसी मामले में दोषी नहीं ठहराए गए हैं। दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में सजा सुनाए जाने के बाद आजम खां ने जौहर ट्रस्ट से अपना, पत्नी और छोटे बेटे का नाम हटा लिया है।

रामकोला में विकास के दावों के बीच बदहाल सड़क की तस्वीर, कीचड़ और जलभराव से जूझ रहे वार्डवासी

महाराणा प्रताप चौक के आगे कसया रोड स्थित वार्ड संख्या–21 मां काली नगर में सड़क का अभाव, स्कूली बच्चों से लेकर राहगीरों तक की बढ़ी परेशानी

अमवा मंदिर (कुशीनगर)। नगर पंचायत रामकोला में विकास के दावों के बीच वार्ड संख्या–21 मां काली नगर की एक बदहाल सड़क जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। महाराणा प्रताप चौक के आगे कसया रोड पर स्थित इस रास्ते की हालत ऐसी है कि लोगों को प्रतिदिन कीचड़ और पानी के बीच से होकर गुजरना पड रहा है। हैरानी की बात यह है कि सड़क के आसपास चार–पांच मकान भी बन चुके हैं और आबादी होने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण नहीं कराया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बारिश के बाद रास्ते पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले छोटे–छोटे बच्चों को उठानी पड़ती है। आए दिन बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं। वहीं, मोटरसाइकिल सवारों को भी इस रास्ते से गुजरते समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

विडंबना यह है कि एक तरफ नगर पंचायत में विकास कार्यों के तहत सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ आबादी वाले क्षेत्र के लोग आज भी बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस सड़क की सुध कब ली जाएगी? क्या नगर पंचायत अध्यक्ष महोदया और अधिशासी अधिकारी की नजर इस बदहाल रास्ते पर पड़ेगी? क्या जिम्मेदार अधिकारी मौके का निरीक्षण कर सड़क निर्माण की पहल करेंगे? प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और विकास के दावों के बीच वार्डवासियों की यह परेशानी नगर पंचायत की प्राथमिकताओं पर भी सवाल खड़े करती है। अब वार्डवासियों को आश्वासन नहीं, सड़क निर्माण का इंतजार है।



कार्यालय अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8493/33 काम--गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 28-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए. व बी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में)	5 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख में)	सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) (4+5)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		विधान सभा क्षेत्र नौतनवां के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मार्गो का नव निर्माण कार्य।							
1	महराजगंज	राजपानी से समिति होते हुए राजमन्दिर खुर्द तक मार्ग का नव निर्माण कार्य। (पांच वर्ष का अनुरक्षण सहित)	144.00	10.80	154.80	9.74	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+ जी.एस.टी.) रू0 2714.00	6 माह	A,B
2	महराजगंज	मुड़ली चौराहे से प्राथमिक विद्यालय होते हुए राजपुर अड्डा तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। (पांच वर्ष का अनुरक्षण सहित)	113.00	2.82	115.82	7.79	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+ जी.एस.टी.) रू0 2714.00	6 माह	A,B
		विधान सभा क्षेत्र पनियरा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मार्गो का नव निर्माण कार्य।							
3	महराजगंज	मुजुरी पिच से सहकारी समिति होते हुए पक्की सड़क तक मार्ग का नव निर्माण कार्य। (पांच वर्ष का अनुरक्षण सहित)	115.00	2.87	117.87	7.89	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+ जी.एस.टी.) रू0 2714.00	6 माह	A,B

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 06.11.2026 से 18.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 18.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दि0 18.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 18.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एडीसन)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260061/दिनांक 02-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8448/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 27-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए एवं बी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, गोरखपुर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोरखपुर	मुख्यमंत्री योजनान्तर्गत नई बाजार बलुघटटा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 3.45 कि.मी. (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	212.00	12.60	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	08 माह	ए
2	गोरखपुर	मुख्यमंत्री योजनान्तर्गत ग्राम बडगो सी0सी0 रोड से कोमा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 1.30 कि.मी. (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	115.50	7.78	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	06 माह	ए बी

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 05.11.2026 से 13.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अरविन्द सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड–2, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260093/दिनांक 02-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
वि./यॉ. वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-1756/निविदा सूचना गो.क्षे.-वि./यॉ.वृ.//2026-27 दिनांक 29-10-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वि0/यॉ0 वृत्त लो0नि0वि0, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दो बिड पद्धति पर प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 05/11/2026 से दिनांक 23/11/2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 23/11/2026 को दोपहर 12:30 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने की अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :–

क0 स0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0 में)	निविदा की पात्रता
1	2	3	4	5	6	7
1	जनपद कुशीनगर के अंतर्गत शासकीय भवनों पर सोलर रूफ टॉप पैनल की स्थापना का कार्य	24.28 + GST Extra	2.43	03 Months	854.00	लो0नि0वि0 में विद्युत कार्यो हेतु 'ए' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार, जिन्हे समान कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो।
	A- लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत शासकीय भवनों (निरीक्षण भवन, हाटा) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।					
	B- लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत शासकीय भवनों (निरीक्षण भवन, कसया) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।					
	C- लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत शासकीय भवनो (रेस्ट हाउस तमकुहीराज) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।					
	D- लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत शासकीय भवनों (निरीक्षण भवन, पड़रौना) पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।					
	E- कार्यालय भवन, निर्माण खण्ड, कुशीनगर पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।					
	F- कार्यालय भवन, प्रान्तीय खण्ड, कुशीनगर पर सोलर रूफटॉप की स्थापना का कार्य।					

शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78–2–2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03/01/2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डॉक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदाओं से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अखिलेश कुमार)
अधिशासी अभियंता
वि./यॉ. वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(डी.के. वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
वि./यॉ. वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 260051/दिनांक 02-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–गोरखपुर

कार्यालय पता:–दाऊदपुर, कैनाल रोड, (दुर्गा मन्दिर कम्पाउण्ड), पोस्ट–शिवपुरी, गोरखपुर, E-mail ID-seredgorakhpur@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस
(प्रेस विज्ञप्ति)

नि.आ.सू.-1337/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांक 27-10-2026

1– अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–गोरखपुर महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग (आर0ई0डी0) के उचित (श्रेणी–ए, बी) में पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से उक्त कार्य हेतु प्रतिशत् दर (%) की निविदाएं आमन्त्रित करते हैं।

2– वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य कृषि विकास योजना (एस0ए0डी0पी0) के अन्तर्गत कार्य का नाम निम्नानुसार है:–

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित रु0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रु0 लाख मे)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	देवरिया	Establishment of New IPM Lab, Plant Protection Office and Soil Testing Lab (G+2) at District Deoria	314.81	6.30	रू0 2714.00	15 माह
2		Reconstruction of Boundary Wall of Government Agriculture Buffer Godown C.C. Road, Deoria	67.28	1.35	रू0 2714.00	9 माह

3– ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशित होने की तिथि–06.11.2026

4– बिड डाक्यूमेण्ट की ई–प्रोक्योरमेण्ट द्वारा निविदा डालने की अन्तिम तिथि–25.11.2026 एवं समय दोपहर 12.00 बजे तक।

5– बिड डाक्यूमेण्ट की ई–प्रोक्योरमेण्ट द्वारा निविदा खोलने की तिथि–26.11.2026 एवं समय दोपहर 12.30 बजे तक।

6– बिड डाक्यूमेण्ट के आई0टी0बी0 क्लाज–10 के अनुरुप अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–गोरखपुर को यह अधिकार होगा कि वह ऑन लाईन शुद्धि–पत्र/परिशिष्ट निर्गत कर सकते है। जो कि समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगा। समस्त निविदादाताओं को यह सुझाव दिया जाता है, कि वह नियमित रूप से ई–टेण्डर पोर्टल का अवलोकन करते रहे।

विस्तृत विवरण एवं शर्तें आन–लाइन http://etender.up.nic.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।

(दिलीप कुमार शुक्ला)
अधीक्षण अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,
परिमण्डल–गोरखपुर

उ.प्र.-260135/दिनांक 02-11-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1957/ए-11/2026 दिनांक 29-10-2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए, बी ,सी0 एवं डी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम (प्रहरी एप) से निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
		विधान सभा क्षेत्र नौतनवां के अन्तर्गत मार्गों के विशेष मरम्मत का कार्य।				
1	महराजगंज	सूर्यपूरा से बरनहवा मार्ग के किमी0–1 में स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 1X3 मी० स्पान की दो अदद पुलिया का निर्माण एवं किमी०–2 (300) में विशेष मरम्मत का कार्य।	29.70	2.97	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
2	महराजगंज	एस०एन०जी० से अरघा मार्ग के किमी0–1(15) में रिटेनिंगवाल का निर्माण कार्य ।	23.70	2.37	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
3	महराजगंज	नौतनवां खनुआ मार्ग से सुण्डी मार्ग के किमी0–1(40) में तालाब के किनारे रिटेनिंवाल का निर्माण कार्य।	18.30	1.83	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
		विधान सभा क्षेत्र पनियरा के अन्तर्गत मार्गो के विशेष मरम्मत का कार्य।				
4	महराजगंज	अम्बेडकर ग्राम जंगल जरलहा उर्फ बड़हरा के चमरौटी टोला सम्पर्क मार्ग सी०सी० सहित विशेष मरम्मत का कार्य।	9.00	0.90	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह
5	महराजगंज	सोहरौना तिवारी लिंक मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य।	15.30	1.53	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 944.00	2 माह
		विधान सभा क्षेत्र फरेन्दा के अन्तर्गत मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।				
6	महराजगंज	मडुई खुर्द लिंक मार्ग के आबादी भाग में सी०सी० सहित विशेष मरम्मत कार्य ।	7.50	0.75	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 856.00	2 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 05.11.2026 से 13.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दि0 13.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाय। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एडीसन)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि.
महराजगंज

उ.प्र. 260134/दिनांक 02-11-2026 इमेल-upinformation@nic.in